समक्ष : शकुन्तला गौतम, राज्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0 (सुनवाई कक्ष संख्या–एस 09)

अपील संख्या : एस–09 / ए / 0057 / 2026

श्री मनोज कुमार कुशवाहा बनाम ज0सू0अधि0, कार्या0 कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर.

आदेश

कम्प्लेन्ट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम (CATS) के माध्यम से पंजीकृत की गयी अपील प्रस्तुत हुई। आज की सुनवाई हेतु अपीलार्थी को ईमेल दिनांक 27.02.2026 द्वारा नोटिस प्रेषित की गयी तथा प्रकरण की ऑनलाइन सुनवाई हेतु दिनांक 24.02.2026 को समय 10:43:21 ए.एम. बजे लिंक प्रेषित किया गया। पुकार करायी गयी। अपीलार्थी ऑनलाइन सुनवाई के माध्यम से उपस्थित हुये।

अपीलार्थी द्वारा कथन किया गया कि उसके आवेदन दिनांक 06.11.2025 के कम में विपक्षी जनसूचना अधिकारी के पत्र दिनांक 17.11.2025 द्वारा पर्याप्त सूचना नहीं दी गयी है।

अतः विपक्षी जनसूचना अधिकारी, कार्या0 कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर को अपीलार्थी के आवेदन–पत्र धारा 6(1) दिनांक 06.11.2025 की प्रति संलग्न कर इस आशय की नोटिस प्रेषित की जाये कि प्रस्तुत अपील में वह सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 एवं उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियमों व प्राविधानों के अनुसार अपीलार्थी के सूचना आवेदन–पत्र का सुस्पष्ट निस्तारण करते हुए वांछित बिन्दुवार पर्याप्त सूचना अपीलार्थी को नियत तिथि से पूर्व उपलब्ध करायें एवं सूचना की प्रति, प्रेषण साक्ष्य, लिखित अभिकथन सहित अग्रिम नियत सुनवाई तिथि पर आयोग के समक्ष पक्ष प्रस्तुत करें।

पत्रावली सुनवाई हेतु दिनांक 18.05.2026 को पेश हो।

13.03.2026